POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 03.03.2026

थाना शंकरगढ़ पुलिस टीम द्वारा थाना शंकरगढ़ क्षेत्रांतर्गत कल्यानपुर में हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 अभियुक्त गिरफ्तार, निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद

दिनांक-03.03.26 को थाना शंकरगढ़ पुलिस द्वारा थाना शंकरगढ़ क्षेत्रांतर्गत ग्राम कल्यानपुर में घटित हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये अभियुक्तगण 1.संजय उर्फ मेघई पुत्र लल्लू निवासी बसहरा थाना शंकरगढ़ प्रयागराज 2.मुनीम आदिवासी पुत्र मोतीलाल निवासी कल्यानपुर थाना शंकरगढ़ प्रयागराज 3.जूली पुत्र बड़ेलाल आदिवासी निवासी कल्यानपुर थाना शंकरगढ़ प्रयागराज को बसहरा थाना क्षेत्र शंकरगढ़ प्रयागराज से गिरफ्तार कर अभियुक्तगण की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 24.02.26 को थाना स्थानीय पुलिस को ग्राम प्रधान राममिलन पुत्र रामधीरज निवासी गोबरा हेवार थाना शंकरगढ प्रयागराज मो06392523411 द्वारा सुखनन्दा नाला के पास अज्ञात शव मिलने की सूचना दी गयी थी । सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर दिनांक 24.02.26 को फौती सूचना दर्ज कर जांच व पीएमपंचयातनामा की कार्यवाही की गयी ।

दिनांक 25.02.26 को शव की पहचान मृतक की पत्नी अंतिमा द्वारा की गयी मृतक का नाम कृष्णा आदिवासी उर्फ छोटू पुत्र स्व0 सुरेश आदिवासी निवासी टण्डनवन थाना शँकरगढ प्रयागराज के रुप में की गयी। उसके पश्चात दिनांक 02.03.26 को मृतक की पत्नी अंतिमा द्वारा उपस्थित थाना आकर लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि विपक्षियों द्वारा मेरे पति कृष्णा कोल को घर से बुलाकर ले जाना व मेरे पति की हत्या कर देना व हत्या कर के शव को छिपा देने के सम्बन्ध में में सूचना दी गई । सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0-047/26 धारा 103(1)/3(5)/238(ए) बी0एन0एस0 बनाम संजय उर्फ मेघई पुत्र लल्लू 2. जूली पुत्र बडेलाल 3.मुनीम पुत्र मोतीलाल निवासीगण अज्ञात पंजीकृत किया गया, थाना शंकरगढ़ की पुलिस टीम द्वारा घटना के सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगणों को ग्राम बसहरा तालाब टिकरौंही जाने वाले रास्ता थाना शंकरगढ़ प्रयागरीज से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी करते हुये उनके निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक लोहे का राड, 02 अदद चाकू ,एक टार्च व एक बेलचा कल्यानपुर जंगल में बने घर से व बाहर से बरामद कराया गया। विवेचना मे धारा 4/25 आर्म्स एक्ट कि बढोतरी कि गई।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि दिनांक 17.02.26 को मृतक कृष्णा कोल को घर से बुलाकर कल्यानपुर बगिया ले गये नरेन्द्र के खेत में शराब का सेवन किया उसी के दौरान कहा सुनी व गाली गलौज हो गयी, गाली गलौज होने के दौरान संजय उर्फ मेघई ने लोहे की राड से कृष्णा कोल उर्फ छोटू के सिर पर वार किया जिससे कृष्णा वहीं मौके पर गिर गया और उसकी मृत्यु हो गयी, उसके बाद तीनों नें मिलकर शव छिपाने के लिए शव को कल्यानपुर के जंगल में मिट्टी खोदकर शव को रखकर ऊपर से मिट्टी डालकर छिपा दिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तो का विवरण-

1. संजय उर्फ मेघई पुत्र लल्लू निवासी बसहरा थाना शंकरगढ़ प्रयागराज उम्र 42।
2. मुनीम आदिवासी पुत्र मोतीलाल निवासी कल्यानपुर थाना शंकरगढ़ प्रयागराज उम्र 35 वर्ष।
3. जूली पुत्र बड़ेलाल आदिवासी निवासी कल्यानपुर थाना शंकरगढ़ प्रयागराज उम्र 40 वर्ष।

संबंधित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0- 047/26 धारा 103(1)/3(5)/238(ए) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना शकंरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

अभियुक्त संजय उर्फ मेघई का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 08/2004 धारा 302 भादवि थाना शंकरगढ़ प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0 11/2004 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना शंकरगढ़ प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0- 047/26 धारा 103(1)/3(5)/238(ए) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना शकंरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

अभियुक्त मुनीम का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 047/26 धारा 103(1)/3(5)/238(ए) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना शकंरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

अभियुक्त जूली का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 223/2020 धारा 188/269 भादवि थाना शंकरगढ़ प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0- 047/26 धारा 103(1)/3(5)/238(ए) बी0एन0एस0 व 4/25 आर्म्स एक्ट थाना शकंरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।

बरामदगी का विवरण-

1. एक चाकू व एक लोहे का राड (अभियुक्त संजय उर्फ मेघई की निशादेही पर बरामद)।
2. एक चाकू व एक टार्च (अभियुक्त जूली की निशादेही पर बरामद)।
3. एक बेलचा (अभियुक्त मुनीम की निशादेही पर बरामद)।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 यशपाल सिंह, थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. व0उ0नि0 मानवेन्द्र कुमार सिंह थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 शिवकुमार यादव थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 कृष्णकान्त तिवारी थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 सतीश यादव थाना शंकरगढ़ कमिश्नरेट प्रयागराज।